>

Title: Need to increase the amount of compensation to the people who died in railway accident in Khagaria district, Bihar and to construct foot over bridge at Dhamhara Railway Station.

श्री दिनेश चन्द्र यादव (खगड़िया): अध्यक्ष महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत खगड़िया जिले में धमहारा स्टेशन पर कल दिनांक 19 अगस्त, 2013 की सुबह साढ़े आठ बजे राज्यरानी एक्सप्रैस ट्रेन ने लोगों को कुचल दिया, जिनमें 37 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई और करीब 24 लोग घायल हो गये।...(व्यवधान) इस सूची के अलावा सहरसा जिले के तेलबा गांव के श्री अमरनाथ साह, पिता राजेन्द्र साह भी घायल हो गये थे। उनके परिजनों द्वारा उन्हें अस्पताल ले जाने के क्रम में उनकी मृत्यु हो गई, जो मृतकों की सूची में सम्मिलित नहीं है।...(व्यवधान) चूंकि यह एक दुखद घटना है और रेल राज्य मंत्री जी द्वारा बिना जांच किये हुए जो बयान आ रहे थे, वह काफी चिंता का विषय है। राज्य सरकार पर दोषारोपण करने से पहले इसके लिए दोषी कौन है, इसकी जांच कराई जाए। हम रेल राज्य मंत्री के बयान की निंदा करते हैं।...(व्यवधान) चूंकि यह दुर्घटना दिन में हुई और वहां कात्यायनी स्थान मंदिर के सामने रेलवे द्वारा खासकर सोमवार और शुक्रवार के दिन कॉशन लगाई जाती थी, जो बैरागन का दिन होता है। इसी दिन श्रद्धालु कात्यायनी मंदिर में पूजा करने के लिए जाते हैं।...(व्यवधान) चूंकि यह मंदिर स्टेशन यार्ड के दक्षिणी सिरे पर अवस्थित है और वहां जाने का कोई रास्ता नहीं है। रेल यात्री ट्रेन से उतरकर इसी रेल लाइन पर चलकर मंदिर तक जाते हैं और मंदिर में जाने के क्रम में ही लोगों की मृत्यु हो गई और काफी लोग घायल हो गये। हमारे राज्य के मुख्य मंत्री, श्री नीतीश कुमार ने प्रत्येक मृतक परिवार को दो लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की है। रेल मंत्री जी ने मृतक परिवार को पांच लाख रुपये देने की घोषणा की है, जो कम है। ...(व्यवधान)

इसलिए हम मांग करते हैं कि रेल मंत्री द्वारा घोषित की गई राशि को बढ़ाकर दस लाख रुपये किया जाए और प्रत्येक मृतक परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दी जाए।...(व्यवधान) इसके साथ-साथ कात्यायनी मंदिर के सामने हाल्ट का निर्माण किया जाए और धमहारा स्टेशन को विकसित करके फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाए तथा सभी लाइनों के बगल में प्लेटफार्म का निर्माण किया जाए। इस घटना पर हम अपनी ओर से तथा अपनी पार्टी की ओर से संवेदना और दुख प्रकट करते हैं।...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER:

Shri Jagdambika Pal associate himself with Shri Dinesh Chandra Yadav on the issue.

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): महोदया, हमें भी बोलना है...(व्यवधान)

11.37 hrs

At this stage, Shri M. Anandan and some other hon. Members

went back to their seats)

...(*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Shri Gurudas Dasguptaji, you have to speak on economic condition.

...(*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Please go back.

...(*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Please sit down. All of you sit down.

...(*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Shri Gurudas Dasguptaji, you have to speak on economic condition.

...(*Interruptions*)

SHRI GURUDAS DASGUPTA (GHATAL): Madam, I have given notice for adjournment of the House and also on increase in the prices. ...(*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: I have given you chance to speak on economic condition.

...(*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: No, you have to speak on economic condition.

...(*Interruptions*)